बिजली उत्पादन क्षमता

2428. **श्री कपिल सिब्बल** :

श्री राज मोहिन्दर सिंह :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कुल बिजली उत्पादन क्षमता 89,000 में. वा. हैं,

(ख) यदि नहीं, तो इस सबंध में सरकार का आंकलन क्या है,

(ग) क्या यह भी सही है कि इस स्थापित क्षमता में कोयले से उत्पन्न, हाइड्रों क्षेत्र में उत्पन्न गैसों के माध्यम से उत्पन्न और न्यूक्लीयर क्षेत्र से उत्पन्न बिजली का अलग-अलग प्रतिशत है, और

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त प्रत्येक माध्यम से कितनी-कितनी बिजली उत्पादन की क्षमता वर्ष 1998-99 में स्थपित होने का आंकलन है ?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम) : (क) और (ख) जी, नहीं, 28.2.99 की स्थिति के अनुसार देश में कुल अधिष्टापित क्षमता 92131.84 मे. वा. थी।

(ग) जी, हां। यह एक तथ्य है कि कोयला आधरित, जब विद्युत आधारित, गैस आधारित और न्यूक्लीय आधारित विद्युत उत्पादन हेतु अधिष्ठापित क्षमताओं का प्रतिशत भिन्न है। जल विद्युत, ताप विद्युत (कोयला और गैस आधारित सहित) और न्यूकलीय हेतु अधिष्ठापित क्षमता का प्रतिशत क्रमशः लगभग 24.2, 72.2 और 2.4 है।

(घ) 1998-99 हेतु क्षमता अभिवृद्वि कार्यक्रम3299.3 मे वा मे है जिसमे विधुत (544.5 मे व) तथा ताप विधुत (2754.80 मे वा) शामिल है।

पन विधुत परियोजनाओ का निर्माण

2429 **श्री बलवन्त सिह रमूवलिया**:

श्री राज मोहिन्दर सिह

क्या विधुत मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि :

(क) क्या यह सही है कि देश मे अनेक पन विधुत उत्पादन परियोजनाए निर्माणाधीन है :

(ख) यदि हा तो दिसबर 1998 तक इन परियोजनाओ की कुल सख्या क्या थी ;और

(ग) इनमे उन परियोजनाओ की सख्या क्या है जो अपने मूल निर्धारित समय से देरी से निर्माणाधीन है एव प्रत्येक परियोजना अपने मूल निर्धारित समय से कितनी कितनी विलब से निर्माण हो रही है ?

विधुत मत्री तथा संसदीय कार्य मत्री और गेर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मत्री (श्री पी आर कुमारमंगलम) : (ग) 55 पन बिजली परियोजनाओ को चालू करने का कार्यक्रम पिछे चल रहा है। इन परियोजनाओ के संबंध मे अतिरिक्त लगे समय का ब्यौरा सलग्न विवरण मे दिया गया है।

विवरण

पन-विद्युत परियोजनाओं के चालू होने की तिथि तथा उनमें लगे अतिरिक्त समय का ब्यौरा

क्र.सं.	परियोजना का नाम/अधिष्ठापित क्षमता (मे.वा.)	राज्य	चालू होने की तिथि मूल/नवीनतम	अधिक समय (वर्ष में)
1	2	3	4	5
केन्द्रीय क्षेत्र				
1.	नाथपा-झाकंड़ी (एनजेपीसी) 6x 250	हिमाचल प्रदेश	1998-99 2001-02	3
2.	दुलहस्ती (एनएचपीसी) 3x130	जम्मू व कश्मीर	1994-95 2001-02	7
3.	टिहरी चरण – I 4x 250	उत्तर प्रदेश	1997-99 2002-03	4

1	2	3	4	5
4.	धौलीगंगा-1 (एनएचपीसी) 4x70	उत्तर प्रदेश	1998-99 2004-05	6
5.	कोयल कारो (एनएचपीसी) 4X172.1X20	बिहार	1998-2000 चालू होने की तिथि से 7 वर्ष	उपलब्ध नहीं
6.	रंगित- 3 (एनएचपीसी) 3X20	सिक्किम	1994-96 1999-2000	4
7.	दोयांग (नीपको) 3X25	नागालैंड	1995-96 1999-2001	5
8.	रंगानदी (नीपको) 3x 135	अरूणाचल प्रदेश	1994-95 2000-01	6
राज्य क्षेत्र उत्तरी क्षेत्र				
9.	धानवी 2x 11.25	हिमाचल प्रदेश	1994-95 1999-2001	6
10.	लारजी 3x42	हिमाचल प्रदेश	1990-92 9वीं योजना से आगे	उपलब्ध नहीं
11क.	ऊपरी सिंध – 2 2x35	जम्मू व कश्मीर	1988-89 2000-01	12
11ख.	ऊपरी सिंध विस्तार 1x35	जम्मू व कश्मीर	1993-94 20009-01	7
12.	सेवा चरण – 3 3x3	जम्मू व कश्मीर	1997-98 1999-2000	2
13.	चेनानी चरण – 3 3x2.5	जम्मू व कश्मीर	1997-98 1999-2000	2
14.	रंजीत सागर 4x150	पंजाब	1991-93 1999-2001	8
15.	शाहपुरकंडी 2x40 +2x40 1x8	पंजाब	9वीं योजना	उपलब्ध नहीं 9वीं योजना से आगे
16.	सोबला 2x3	उत्तर प्रदेश	1993-94 1998-94	5
17.	लखवर-व्यासी 3x100+2x60	उत्तर प्रदेश	1989-90 9वीं योजना से आगे	12 वर्ष से ऊपर
18.	मनेरी भाली –2 4x76	उत्तर प्रदेश	1989-90 9वीं योजना से आगे	12 वर्ष से ऊपर

1	2	3	4	5
19.	श्री नगर 5x66	उत्तर प्रदेश	1991-92 9वीं योजना से आगे	10वर्ष से अधिक
20.	जाखम 2X2.5	राजस्थान	1998-99 2001-02	13
पश्चिमी क्षेत्र				
21.	सरदार सरोवर 6x200+5x50 16:57:27 के अनुपात में गुज./म.प्र./महाराष्ट्र की सयुंक्त परियोजना	गुज./म.प्र./महाराष्ट्र	1994-96 2000-2004 9वीं योजना - 650 मे.वा. 10वीं योजना – 800 मे.वा.	8
22.	सरदार सरोवर 6x200 + 5x 50 16:57:27 के अनुपात में गुज./	मध्य प्रदेश	1989-91 2001-2002 चरण-2 2000-2001 चरण-3	11
23.	बाणसागर टोंस चरण-2 व 3 2x15+3x20	मध्य प्रदेश	1989-91 2001-02 चरण-2 2000-2001 चरण-3	11
24.	इन्द्ररा सागर	मध्य प्रदेश	1997-2000 10वीं योजना	2 वर्ष से ऊपर
25.	राजघाट	उत्तर प्रदेश/मध्य प्रदेश	1995-96 1999-2000	4
26.	कोयना चरण-4 4x250	महाराष्ट्र	1995-96 1999-2001	5
27.	दूधगंगा 2x12	महाराष्ट्र	1990-92 1998-2000	8
28.	घाटघर पीएसएस 2x125	महाराष्ट्र	1995-96 2001-02	6
29.	भिवपुरी पीएसएस 1x90	महाराष्ट्र	2001-02 2002-03	1
दक्षिणी क्षेत्र				
30.	श्रीसेलम एलबीपीएच 6x150	आंध्र प्रदेश	1993-95 1999-2002	7
31.	सिंगुर	आंध्र प्रदेश	1993-94 1998-2000	6
32.	कालीनदी चरण-2 3x40+3x50	कर्नाटक	1987-88 1997-2000	12

1.	2.	3.	4.	5
33.	वृन्दावन 2x6	कर्नाटक	1993-94 2001-02	8
34.	शरापदी 3x30	कर्नाटक	1995-96	4 वर्ष से ऊपर
35.	शरावती टी.आर. 4x60	कर्नाटक	1993-94 2001-2002	8
36.	मालनकारा (मुवथुपुजा)	केरल	1990-91 2001-02	11
37.	काक्क्ड 2x25	केरल	1980-81 1999-2000	19
38.	कुटियाडी टी.आर. 3x1.25	केरल	2000-01 10वीं योजना	1 वर्ष से ऊपर
39.	कुटिवाडी विस्तार 1x50	केरल	2000-01 10वीं योजना	1 वर्ष से ऊपर
39.	कुटिवाही विस्तार	केरल	1996-97 2001-02	5
40.	सतनूर बांध 1x7.5	तमिलनाडु	1991-92 1998-99	7
41.	पार्सन्स वैली (कुडा-5 विस्तार)		1986-87 1999-2000	13
42.	पायकारा अल्टमेट चरण 3x50	तमिलनाडु	1994-95 10वीं योजना	7 वर्ष से ऊपर
पूर्वी क्षेत्र				
43.	चांदिल 2x4	बिहार	1988-90 2000-01	11
44.	उत्तरी कोयल 2x12	बिहार	1988-89 2000-01	12
45.	ऊपरी इन्द्रावती 4x150	उड़ीसा	1986-88 1999-2001	13
46.	पोत्तेरू 1x3+1x3	उड़ीसा	1989-90 2000-01	11
47.	बालीमेला विस्तार 2x75	उड़ीसा	1996-97 2001-02	5
48.	बालीमेला बांध 2x30	उड़ीसा	1982-83 10वीं योजना	19 वर्ष से ऊपर
49.	तीस्ता प्रपात 1- 3x3x7.5	पश्चिम बंगाल	1989-90 1997-2000	10

1.	2.	3.	4.	5
50.	राम्मन चरण-1	पश्चिम बंगाल	9वीं योजना	5 वर्ष से ऊपर
	3x12		10वीं योजना	
51.	पुरूलिया पीएसएस	पश्चिम बंगाल	2002-03	2
	4x225		2003-05	
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र				
52.	कारबी-लांग्पी	असम	1985-86	5
			2001-02	
53.	धनश्री	असम	1988-89	13
	5x3x133		2001-02	
54.	लिकिम-रो	नागालैंड	1993-94	7
	3x8		2000-01	
निजी क्षेत्र				
55.	महेश्वर	मध्य प्रदेश	9वीं योजना	1
	10x40		2001-03	

बिजली उत्पादन में वृद्धि

2430. **श्री कपिल सिब्बल** :

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 1998-99 के दौरान बिजली उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया था,

(ख) यदि हां, तो उत्पादन की मात्रा का लक्ष्य क्या था,

(ग) क्या चालू वर्ष के प्रथम 9 माहों, में देश में बिजली उत्पादन में वृद्धि, इस सबंध में नियम लक्ष्य के अनुसार हुइ है, और

(घ) यदि हां, तो विद्युत उत्पादन की मात्रा क्या थी?

विद्युत मंत्री तथा ससंदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम) : (क) और (ख) वर्ष 1998-99 के लिए ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 450 बिलियन यूनिट है।

(ग) और (घ) वर्ष 1998-99 के प्रथम नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर, 1998) के दौरान वास्तविक ऊर्जा उत्पादन 333.64 बिलियम यूनिट के कार्यक्रम की तुलना में 330.1 बिलियन यूनिट था जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.6 प्रतिशत अधिक है।

पन-विद्युत परियोजनओं के लिए प्रस्ताव

2431. **श्री राज मोहिन्दर सिंह** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में हाइडल-इलेक्ट्रिक पावर कापेरिशन द्वारा अनेकों बिजली उत्पादन संबंधी परियोजनाओं के निर्माण के लिए विभिन्न प्रस्ताव सरकार के स्वीकृति हेतु भेजे गए हैं,

(ख) यदि हां, तो दिसंबर, 1998 तक कुल कितने प्रस्ताव सरकार को मिले है◌ा और इन परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता तथा निर्माण लागत क्या-क्या है, और

(ग) इन परियोजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति देने के संबधं में विलम्ब के क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्री तथा ससंदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर.कुमारमंगलम) (क) और (ख) जी, हां। सरकार द्वारा प्राप्त परियोजनाओं का उनकी